संघ राज्य क्षेत्रों का प्रशासन

1. भारत में संघ राज्यों का प्रशासन होता है–
(अ) राष्ट्रपति द्वारा (ब) उपराज्यपाल द्वारा
(स) गृहमंत्री द्वारा (द) प्रशासक द्वारा
उत्तर : (अ) UPPCS 1995

2. केन्द्र शासित प्रदेश पर किसका शासन होता है ?
(अ) संसद
(ब) मंत्रिपरिषद
(स) राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त प्रशासक का
(द) प्रधानमंत्री का
उत्तर : (स)

3. संघ शासित क्षेत्रों के लिए प्रशासकों की नियुक्ति कौन करता है ?
(अ) राष्ट्रपति (ब) प्रधानमंत्री
(स) लोकसभाध्यक्ष (द) उपराष्ट्रपति
उत्तर : (अ)

4. संघ शासित क्षेत्रों, जिनकी अपनी विधायिका नहीं है, के लिए विधि निर्माण कौन करता है ?
(अ) संसद
(ब) लोकसभा
(स) राज्यसभा
(द) राष्ट्रपति अध्यादेश द्वारा
उत्तर : (अ)

5. भारत के किस एकमात्र संघ राज्य क्षेत्र का अपना उच्च न्यायालय है ?
(अ) पांडिचेरी (ब) लक्षद्वीप
(स) चंडीगढ़ (द) दिल्ली
उत्तर : (द)

6. वर्तमान समय में भारत के किस संघ राज्य क्षेत्र में विधानसभा तथा मंत्रिपरिषद के गठन का प्रावधान है ?
(अ) दिल्ली एवं पांडिचेरी
(ब) दिल्ली एवं चंडीगढ़
(स) लक्षद्वीप एवं पांडिचेरी
(द) लक्षद्वीप एवं चंडीगढ़
उत्तर : (अ)

7. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के प्रशासक को क्या कहा जाता है ?
(अ) प्रशासक (ब) राज्यपाल
(स) उपराज्यपाल (द) मुख्य सचिव
उत्तर : (स)

8. चंडीगढ़ संघ शासित क्षेत्र के प्रशासक को किस नाम से जाना जाता है ?
(अ) आयुक्त (ब) मुख्य आयुक्त
(स) प्रशासक (द) मुख्य प्रशासक
उत्तर : (ब)

9. निम्नलिखित में से किस संघ शासित क्षेत्र के प्रशासक को 'प्रशासक' कहा जाता है ?
(अ) लक्षद्वीप
(ब) पांडिचेरी
(स) अंडमान निकोबार द्वीप समूह
(द) दिल्ली
उत्तर : (अ)

10. निम्नलिखित में से किस संघ शासित क्षेत्र के प्रशासक को 'उपराज्यपाल' कहा जाता है ?
(अ) दिल्ली
(ब) पांडिचेरी
(स) अंडमान निकोबार द्वीप समूह
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

11. निम्नलिखित में से किस संघ शासित क्षेत्र के प्रशासक को 'प्रशासक' कहा जाता है ?
(अ) चंडीगढ़
(ब) लक्षद्वीप
(स) अंडमान निकोबार द्वीप समूह
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

12. निम्नलिखित में से किस संघ शासित क्षेत्र के प्रशासक को मुख्य आयुक्त कहा जाता था ?
(अ) लक्षद्वीप (ब) चंडीगढ़
(स) पांडिचेरी (द) दिल्ली
उत्तर : (ब)

13. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (संघ राज्य क्षेत्र)
A. चंडीगढ़
B. लक्षद्वीप
C. पुदुचेरी
D. दिल्ली
सूची–II (प्रशासन संचालनकर्ता)
1. उपराज्यपाल
2. मुख्य आयुक्त
3. प्रशासक
4. उपराज्यपाल
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(स) A – 2, B – 3, C – 1, D - 4
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com

14. किस संविधान संशोधन द्वारा संसद को दिल्ली के लिए विधानसभा तथा मंत्रिपरिषद के गठन करने की शक्ति प्रदान की गई ?

(अ) 61वें संशोधन (ब) 65वें संशोधन
(स) 69वें संशोधन (द) 70वें संशोधन

उत्तर : (स)

www.rajstudents.com